# उपयोगकर्ता पुस्तिका

# सेवा समाधान

## (कार्मिक हिताय)

## समस्या एवं सुझाव निवारण प्रणाली

उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण)

https://sevasamadhan.in

# विषय सूची

1. परिचय---------------------------------------------------------------------3

1.1 उ0 प्र0 जल निगम (ग्रामीण) के 'सेवा समाधान 'पोर्टल के बारे में----------------3

1.2 उ0 प्र0 जल निगम (ग्रामीण) के ''सेवा समाधान '' पोर्टल का उद्देश्य --------------3

1.3 सेवा समाधान पोर्टल के लक्षित उपयोगकर्ता----------------------------------3

2. सेवा समाधान पोर्टल का उपयोग-----------------------------------------------4

2.1 सेवा समाधान की समस्या श्रेणियाँ-------------------------------------------------5

3. समस्या / सुझाव दर्ज करें-----------------------------------------------------6

3.1 डैशबोर्ड----------------------------------------------------------------8

# 1. परिचय

## 1.1 उ0 प्र0 जल निगम (ग्रामीण) के 'सेवा समाधान 'पोर्टल के बारे में

उ0 प्र0 जल निगम (ग्रामीण) अपने मूल्यवान पेंशनरों, पारिवारिक पेंशनरों और कार्यरत कर्मचारियों के कल्याण और सुविधा के प्रति समर्पित है। उ0 प्र0 जल निगम (ग्रामीण) की यह प्रतिबद्धता अब एक समर्पित डिजिटल प्लैटफ़ॉर्म के रूप में साकार हो रही है। 'सेवा समाधान 'पोर्टल विशेष रूप से विभाग में कार्यरत कर्मचारियों, पेंशनरों एवं पारिवारिक पेंशनरों की समस्याओं के समाधान हेतु डिजाइन किया गया एक सुरक्षित और सुविधाजनक डिजिटल सेवा प्लैटफ़ॉर्म है।.

## पेंशनर एवं कार्यरत कर्मचारियों हेतु समस्या/सुझाव निवारण प्रणाली:

पेंशन संबंधी मामलों, सेवा शर्तों या किसी अन्य प्रशासनिक समस्या पर पेंशनर, पारिवारिक पेंशनर और कार्यरत कर्मचारी अपनी समस्या/सुझाव एवं उसके समाधान पाने के लिए नवविकसित समस्या एवम सुझाव आधरित पोर्टल पर आसानी से दर्ज कर सकते हैं तथा उसकी वास्तविक समय में प्रगति ट्रैक कर पारदर्शिता के साथ समयबद्ध निस्तारण प्राप्त कर सकते हैं।

**टोल फ्री नंबर – 1916 / 18001212165 यदि आप किसी भी प्रकार की समस्या या समस्या दर्ज कराना चाहते हैं, तो कृपया शॉर्ट कोड नंबर 1916 पर कॉल करें**

## 1.2. उ0 प्र0 जल निगम (ग्रामीण) के ''सेवा समाधान '' पोर्टल का उद्देश्य

उ0 प्र0 जल निगम (ग्रामीण) के ''सेवा समाधान'' पोर्टल का उद्देश्य पूर्व एवं समस्त कार्यरत कर्मचारियों/अधिकारियों को एक ऐसा डिजिटल माध्यम प्रदान करना है, जो समस्त कार्यरत कर्मचारियों, पेंशनरों एवं पारिवारिक पेंशनरों की समस्याओं के समाधान को सरल, त्वरित और सुगम बनाए। इस डिजिटल पोर्टल प्रौद्योगिकी के माध्यम से समस्त कार्यरत कर्मचारियों/अधिकारियों के साथ उ0 प्र0 जल निगम (ग्रामीण) के प्रशासनिक व्यवस्था के संबंधों को मजबूत करने और उनके अनुभव को सहज बनाने का सार्थक प्रयास है।

## 1.3 सेवा समाधान पोर्टल के लक्षित उपयोगकर्ता

यह आवेदन सेवा समाधान पोर्टल का उपयोग करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ-साथ उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण) तथा उससे संबद्ध जल निगम संगठनों के संबंधित अधिकारियों और हितधारकों के लिए तैयार किया गया है।

## 2. सेवा समाधान पोर्टल का उपयोग

सेवा समाधान पोर्टल तक पहुँचने के लिए वेब ब्राउज़र में वेब URL [https://upjnr.in/](https://upjnr.in/) दर्ज करें। इसके बाद उपयोगकर्ता को सेवा समाधान की आधिकारिक वेबसाइट के होम पेज पर रीडायरेक्ट कर दिया जाएगा। इसके पश्चात सेवा समाधान पोर्टल का होम पेज दिखाई देगा, जैसा कि नीचे दर्शाया गया है।






## 2.1 सेवा समाधान की समस्या श्रेणियाँ

| Grievance Type | समस्या का प्रकार |
|---|---|
| Retirement/Death Dues (Gratuity) | सेवानिवृत्त/मृत्यु देयक (ग्रेच्युटी) |
| Retirement/Death Dues (Leave Encashment) | सेवानिवृत्त/मृत्यु देयक (अवकाश नगदीकरण) |
| Retirement/Death Dues (Pension/Family Pension) | सेवानिवृत्त/मृत्यु देयक (पेंशन एवं पारिवारिक पेंशन) |
| Retirement /Death Dues (Insurance) | सेवानिवृत्त/मृत्यु देयक (बीमा) |
| GPF/NPS Related Issues | जी0पी0एफ0/एन0पी0एस0 संबंधी मुदद्‌ |
| Salary and Allowances | वेतन एवं भत्ते |
| Arrears | अवशेष देयक |
| ACP | ए0सी0पी0 |
| Leave Sanction | अवकाश स्वीकृति |
| Medical Reimbursement | चिकित्सा प्रतिपूर्ति |
| Final No Dues after Retirement | सेवानिवृत्ति के बाद संकलित अदेय प्र्रमाण पत्र |
| Promotion | पदोन्नति |
| Departmental Inquiry Finalisation | विभागीय जांच का अंतिम निष्पादन |
| Finalization of Appeal against Punishment Order | दण्डादेश के विरूद्ध अपील का अंतिम निष्पादन |
| Court Case Matter | मा0 न्यायालय से आच्छादित प्रकरण |
| Pay Fixation | वेतन निर्धारण |
| Regularisation in Service | सेवा में नियमितीकरण |
| Seniority Finalisation | वरिष्ठता निर्धारण |
| Issuance of LPC/Form 16 | अंतिम वेतन प्रमाण पत्र /फार्म 16 |
| APAR/ACR Related Matter | ए0पी0ए0आर0/ए0सी0आर0 संबंधी प्रकरण |
| Violation of Departmental Order | विभागीय आदेशों का उल्लंघन |
| NOC for Passport/Abroad Trip | पासपोर्ट/ विदेश यात्रा के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र |
| NOC for Higher Education | उच्च शिक्षा के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र |
| Life Certificate Related Issues | जीवित प्रमाण पत्र के संबंधी मामले |
| Correction/Updation in Portal/Service Book Entries | पोर्टल/सेवा पुस्तिका प्रविष्टियों में सुधार/संशोधन |
| Suggestion | सुझाव |
| Govt. Quater Allotment | सरकारी आवास आवंटन |
| Other Grievances | अन्य प्रकरण |
| Pre-Approved Leave | पूर्व स्वीकृत अवकाश |
| Immediate Help After Death | मृत्यु उपरांत त्वरित सहायता |
| Compassionate Appointment | अनुकंपा नियुक्ति |

## 3. समस्या / सुझाव दर्ज करें

“समस्या / सुझाव दर्ज करें”पर क्लिक करने के बाद लॉगिन पेज खुल जाता है। इस पेज पर उपयोगकर्ता लॉगिन करके अपनी समस्या या सुझाव दर्ज कर सकते हैं




- जब उपयोगकर्ता **“समस्या / सुझाव दर्ज करें”** पर क्लिक करता है।
- लॉगिन पेज खुल जाता है।







- यूज़र टाइप पर क्लिक करें और आवश्यक विकल्प का चयन करें।




- लॉगिन स्क्रीन पर यूज़र टाइप (पेंशनर / फैमिली पेंशनर / कर्मचारी) का चयन करें।
- पेंशनरों के लिए CRR नंबर या कर्मचारियों के लिए HRMS कोड दर्ज करें।.
- HRMS पोर्टल में पंजीकृत मोबाइल नंबर दर्ज करें।
- अपने मोबाइल पर ओटीपी प्राप्त करने के लिए **Get OTP** पर क्लिक करें।





- मोबाइल नंबर पर ओटीपी प्राप्त होने के बाद, वन-टाइम पासवर्ड दर्ज करें और **Verify** बटन पर क्लिक करें।
- यदि मोबाइल नंबर पंजीकृत नहीं है, तो ओटीपी प्राप्त नहीं होगा।

## 3.1 डैशबोर्ड


यह उपयोगकर्ता का अपना डैशबोर्ड होगा, जो सभी गतिविधियों जैसे स्थिति देखना, संपादन करना, समीक्षा करना तथा नई प्रविष्टि दर्ज करना आदि की सुविधा प्रदान करेगा।




- डैशबोर्ड प्रदर्शित होता है, जिसमें दो ब्लॉक दिखाई देते हैं।
- पहला बॉक्स नई समस्याएँ और सुझाव दर्ज करने के लिए होता है।
- दूसरा बॉक्स पहले से दर्ज की गई समस्याओं और सुझावों की स्थिति देखने के लिए होता है।
- नई समस्या दर्ज करें" पर क्लिक करने के बाद निम्नलिखित स्क्रीन दिखाई देगी, जिसमें HRMS पोर्टल से प्राप्त उपयोगकर्ता का पूरा विवरण प्रदर्शित होता है.




- इस स्क्रीन के नीचे, नई समस्या या सुझाव दर्ज करने के लिए निम्नलिखित अनुभाग उपलब्ध होगा।





- यहाँ उपयोगकर्ता का प्रकार (User Type) पहले से ही मास्टर रिकॉर्ड से लोड होकर प्रदर्शित होता है।
- समस्या या सुझाव का प्रकार चुनें, फिर आवश्यकता होने पर संबंधित सहायक दस्तावेज़ संलग्न करें।
- अपनी समस्या या सुझाव अधिकतम 500 शब्दों में दर्ज करें।
- आप अपनी आवाज़ भी रिकॉर्ड कर सकते हैं, जिसे टेक्स्ट में परिवर्तित कर दिया जाएगा।
- इसके अतिरिक्त, अधिकतम समय 30 सेकंड तक ऑडियो और वीडियो रिकॉर्ड करने की सुविधा भी उपलब्ध है।सभी विवरण भरने के बाद, नीचे दिखाए अनुसार **"Submit Grievance"** पर क्लिक करें।




- समस्या दर्ज करने के बाद एक विशिष्ट समस्या संख्या (यूनिक ग्रिवांस नंबर) दर्ज हो जाएगा
- समस्या संख्या: **GRV-2026-00010**

- दूसरा बॉक्स पहले से दर्ज की गई समस्याओं और सुझावों की स्थिति देखने के लिए होता है।.




- पहले से दर्ज की गई शिकायतों को देखने के लिए **'View Problems / Suggestions'** पर क्लिक करें।

